



# नर्मदा प्रदूषण पर कांग्रेस सख्त

## व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा बड़ा आंदोलन




**नवभारत न्यूज।**

**ओंकारेश्वर।** धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर में मां नर्मदा में सीवरेज व गंदे पानी के मिलान को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन मां नर्मदा में स्नान कर इस जल को शुद्ध मानकर आचमन करते हैं, ऐसे में गंदे पानी का नदी में मिलना जन-स्वास्थ्य और आस्था—दोनों के लिए गंभीर खतरा बताया गया है।

इंदौर में पेयजल आपूर्ति में सीवरेज मिलने से कई लोगों की मौत के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है।

इसी पृष्ठभूमि में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के विरोध के बाद खंडवा कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं मांधाता विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उत्तमपाल सिंह पुरनी ओंकारेश्वर पहुंचे।

### नगर भ्रमण में सामने आई गंभीर स्थिति

उत्तमपाल सिंह पुरनी ने पार्षदों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संपूर्ण नगर का दौरा किया। भ्रमण के दौरान ब्रह्मपुरी, गोमुख घाट, ममलेश्वर सहित कई स्थानों पर सीवरेज व गंदा पानी सीधे मां नर्मदा में मिलते पाया गया। मौके पर निरीक्षण के बाद उन्होंने प्रशासन को फोन पर अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि नगर का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता कम होने के बावजूद दिन में केवल लगभग दो घंटे ही संचालित किया जा रहा है, जिससे बिना शुद्धिकरण का पानी नदी में पहुंच रहा है।

### प्रशासन को चेतावनी, ठोस कदम की मांग

कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम और कलेक्टर से चर्चा कर स्पष्ट मांग रखी कि—

सीवरेज के रूट को तत्काल डायवर्ट किया जाए

सभी आउटलेट्स पर सख्त निगरानी बढ़ाई जाए,

ट्रीटमेंट प्लांट का नियमित व पूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए।

अल्टीमेटम देते हुए उत्तमपाल सिंह पुरनी ने कहा कि यदि जल्द ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर भविष्य में बड़ा आंदोलन करेगी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप

नगर भ्रमण के बाद नगर परिषद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप दोहराए और कहा कि नर्मदा की स्वच्छता व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नादान सिंह सोलंकी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद छंदईबाई माहिल्या, नेता प्रतिपक्ष राजेश यादव, पार्षद चंपाबाई, रोमी चौकसे, देवेन्द्र चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंधाना को फोरलेन की सौगात

### 96.33 करोड़ की परियोजना से क्षेत्र को मिलेगा तेज़ और सुरक्षित सड़क संपर्क



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** खंडवा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंधाना विधानसभा को एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। छैगांव माखन से खंडवा तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क परियोजना को केंद्र एवं प्रदेश सरकार से मंजूरी मिल गई है। 10.475 किलोमीटर लंबी इस फोरलेन सड़क पर कुल 96.33 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और पंधाना विधायक छाया गोविंद मोरे के सतत प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित परियोजना स्वीकृत हुई है। विधायक मोरे ने वर्षों पुरानी मांग को शासनङ्कप्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा, जबकि सांसद पाटिल ने केंद्र स्तर पर परियोजना को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाई।फोरलेन सड़क के निर्माण से पंधाना क्षेत्र को खंडवा से तेज़, सुरक्षित और सुगम संपर्क मिलेगा। इससे कृषि उपज के परिवहन, व्यापार, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सीधा लाभ होगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इस उपलब्धि पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया गोविंद मोरे ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह परियोजना पंधाना विधानसभा के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# अवैध मदिरा पर आबकारी की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज। खंडवा।** खण्डवा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने गुरुवार एवं शुक्रवार को भी मदिरा के अवैध संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी श्री विकास मंडलोई ने बताया कि गुरुवार को पुनासा क्षेत्र के ग्राम अंजनिया, पुनासा टप्पर, धावड़िया, फोकटपुरा एवं मूंदी क्षेत्र के ग्राम बिजोरामाफ़ी, मुंदी-बीड़ रोड, केनूद रोड स्थित होटल- ढाबो में दबिश की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में कुल 45 पाव देशी मदिरा, 27 केन एवं 4 बोटल बीयर, 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 750 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 12 प्रकरण कायम किए गए।जप्तशुदा मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 91000 रूपये है।

## एक नज़र मे

### जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौड़ा ने पुनासा एवं बलड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**खंडवा.** जनवरी 2026, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर वहां विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनासा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बांगरदा एवं अंजनिया कला तथा बलडी ब्लॉक की ग्राम पंचायत पामाखेडी का दौरा किया। भ्रमण के दौरान डॉ गौड़ा ने "एक बगिया माँ के नाम" परियोजना अंतर्गत बांगरदा में हितग्राही किर्तीबाई और मायाबाई द्वारा किये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण किया।

डॉ गौड़ा ने ग्राम पंचायत पामाखेडी में 3 हितग्राहियों छाया बाई, मीरा बाई और नथीबाई बछानिया द्वारा किये गये वृक्षारोपण कार्यो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर प्रगतिरत तार फेंसिंग के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिन कार्यो में हितग्राहियों को समस?याएं आ रही थी, उनका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश डॉ गौड़ा ने उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जनपद पंचायत पुनासा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुनासा व बलडी के सहायक यंत्री, उपयंत्री, ग्राम रोजगाार सहायक, सचिव एवं संबंधित हितग्राही उपस्थित थे।

### मकान तोड़ने, केस खात्मे के आश्वासन पर अंतिम संस्कार हुआ

**खंडवा।** खंडवा जिले के जावर थाना क्षेत्र के ग्राम भकराड़ा में छेड़छाड़ के विवाद में आदिवासी व्यक्ति शंकर गौड़ की हत्या के मामले में शनिवार दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले मृतक के परिजनों और हिंदू संगठनों ने आरोपियों के मकान तोड़ने और मृतक के बेटे पर दर्ज छेड़छाड़ का केस खत्म करने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार रोक दिया था। वे शव को शहर लाकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दे रहे थे। पुलिस और प्रशासन के अफसरों द्वारा मांगे पूरी करने का आश्वासन देने और गांव के युवाओं की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वसीम और गोलू उर्फ जिया को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बावजूद परिजन और संगठन कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे। वे आरोपियों के मकान जमींदोज करने की मांग पर अड़े रहे। तनाव को देखते हुए शुक्रवार से लेकर देर रात तक गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारी रातभर वहीं डटे रहे। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी थी कि वे शव को खंडवा शहर के सिविल लाइन स्थित दीनदयाल प्रतिमा के सामने रखकर प्रदर्शन करेंगे। उनकी मांग थी कि आरोपी पक्ष के मकान तोड़े जाएं और उनकी नाबालिग बेटी द्वारा लिखाई गई छेड़छाड़ की एफआईआर का खात्मा किया जाए।

### भावांतर योजना की चौथी किस्त का सजीव प्रसारण आज खंडवा में

**खंडवा।** समस्त कृषक बंधु, समस्त कृषक संगठन पदाधिकारी जिला खंडवा तथा माननीय जनप्रतिनिधि गण जिला खंडवा को सूचित कर निवेदन किया जाता है कि कल दिनांक 11.01.2026 को भावांतर योजना की चतुर्थ किस्त का हस्तांतरण किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा किया जाना है जिसका सजीव प्रसारण नवीन अनाज मंडी प्रांगण खंडवा में प्रात: 11~30 बजे से किया जाना है ।

अत: निवेदन है कि सांसद लोकसभा क्षेत्र खंडवा, प्रभारी मंत्री महोदय खंडवा, मंत्री महोदय/विधायक हरसूद, विधायक महोदय खंडवा, पंधाना एवं मांधाता से मंडी समिति खंडवा आग्रह करती है कि आपकी उपस्थिति आपके सदस्य गणों के साथ प्रार्थनीय है तथा अधिक से अधिक संख्या में कृषक भाई पधारकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का कष्ट करे।

# आज किशोर बस्ती में संयुक्त हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** आर एस एस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे सकल हिन्दू सम्मेलन किशोर बस्ती खण्डवा के अंतर्गत आने वाली कालोनियां,समस्त किशोर नगर, कावेरी विहार, शुक्ला कॉलोनी, प्रभु प्रेम पुरम, हनुमान नगर, महावीर बाग, शंकर नगर, परशुराम नगर, तुलसी स्टेट, काशी नगर, तिरूमला, अशोक नगर, बसंत विहार, वृंदावन विहार, केसर सिटी इत्यादि बस्ती का संयुक्त हिंदू सम्मेलन आज 11 जनवरी रविवार को सरस्वती शिशु विद्यालय शुक्ला कॉलोनी कावेरी विहार पर आयोजित होने जा रहा है द्य सम्मेलन को लेकर सभी बस्तियों पखवाड़े से नित्य प्रभात फेरी निकाली जा रही है

# 14 से 16 जनवरी तक खंडवा में राष्ट्र संत ललित प्रभ के प्रवचन



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** राष्ट संत ललित प्रभ महाराज साब का दादाजी की नगरी खंडवा मैं मंगल आगमन 14 जनवरी को होगा। खंडवा पुरानी अनाज मंडी में 14,15 और 16 जनवरी को जैन संत ललित प्रभ के दिव्य प्रवचन होंगे । युवा महासंघ (ङ्खस्न्) और सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रवचन माला होना है। आयोजन के प्रचार मंत्री चंद्र कुमार सांड और सुनील जैन ने बताया कि संत ललित प्रभ 14 जनवरी को प्रात~ खंडवा पहुंचेंगे। 14 जनवरी को खंडवा नगर में भव्य प्रवेश के साथ प्रात 8.30 बजे मानसिंग मिल चौराहे से शोभा यात्रा की शुरुआत होगी तथा समापन प्रवचन स्थल पुरानी अनाज मंडी में होगा, उसके पश्चात प्रवचन होंगे, आयोजन की तैयारियों को लेकर शनिवार को आयोजन समिति के पदाधिकारियों विजय जैन रोहित मेहता ,अभय जैन, तपन डोंगरे ,नवनीत बोथरा, विपिन कोचर ,वाडीलाल पटेल ,मेघराज जैन ,सुनील जैन, कांतिलाल जैन,चंद्र कुमार सांड प्रेमांशु जैन आदि ने आयोजन स्थल पर पहुंच कर स्थल का मुआयना किया तथा समिति सदस्यों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रचार मंत्री सुनील जैन ने बताया कि प्रवचन स्थल पर एक ही प्रवेश द्वार होगा, पुरुषों और महिलाओं के बैठने की अलग अलग व्यवस्था होगी ।प्रात~9.30 से 11.30 बजे तक दिव्य प्रवचन होंगे। बुधवार 14 जनवरी से शुरू होने वाले सत्संग माला के जरिए संत गण जनमानस को जीवन निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास के बेहतरीन गुर सिखाएंगे ।इन तीन दिनों में हजारों की संख्या में लोग प्रवचन सुनने आयेंगे, इसी तैयारी के साथ होगी माकूल बैठक व्यवस्था ।आयोजन समिति के सदस्यों ने शनिवार को पुरानी अनाज मंडी में संतो के मंच, श्रोताओं की बैठक, प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्थाओं आदि के लिए स्थानों का चयन कर आवश्यक तैयारियों की शुरुआत की । राष्ट संत के प्रवचनों का लाइव प्रसारण भी होगा। आयोजन समिति सदस्यों ने खंडवा शहर और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में दिव्य प्रवचन सुनने का लाभ लेने की अपील की है।

# पुलिस की रिकॉर्ड कार्रवाई, माफियाओं पर कसा शिकंजा



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** जिले में अपराधियों और अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए खंडवा पुलिस ने साल 2025 में रिकॉर्ड तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन और एएसपी (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व एएसपी (शहर) महेन्द्र तारनेकर के नेतृत्व में पुलिस ने शराब माफियाओं और हथियार तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के बीच अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 1167 प्रकरण दर्ज कर 1244 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 10,261 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी बाजार कीमत 21 लाख 63 हजार रुपये से अधिक है। साथ ही, शराब तस्करी में उपयोग किए गए लगभग 12.80 लाख रुपये के दोपहिया और चार पहिया वाहन भी जब्त किए गए।

### हथियारों का जखीरा बरामद

आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 21 मामलों में 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 पिस्टल, 9 देशी कट्टे, 10 जिंदा कारतूस, 2 तलवार और 14 चाकू बरामद किए गए। सबसे चौंकाने वाली कार्रवाई में पुलिस ने 647 पिस्टल बनाने की सामग्री (350 लोहे की बैरल और 297 शटर नली) जब्त की, जिससे अवैध हथियार निर्माण के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह %जीरो टॉलरेंस% नीति 2026 में भी बदस्तूर जारी रहेगी। पुलिस ने आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# कानून-व्यवस्था व जनमुद्दों पर कांग्रेस का सरकार पर हमला



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** खंडवा। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को गांधी भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता कर प्रदेश और जिले की कानून-व्यवस्था, रोजगार, पेयजल और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। प्रेसवार्ता को जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह और जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने संबोधित किया। उत्तमपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में अपराध बेलगाम हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने पुनासा के सोलंकी मार्केट में सराफा व्यापारी के साथ दिनदहाड़े हुई करोड़ों की डकैती का हवाला देते हुए कहा कि हवाई फायरिंग, जानलेवा हमला और बदमाशों का बेखौफ फरार होना पुलिस व्यवस्था की पोल खोलता है। इससे व्यापारी, महिलाएं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# मछलियां पकड़ने में माहिर तीनों भाई- बहन अंतरराष्ट्रीय मेडल झपट रहे हैं

## कयाकिंग-कैनोइंग में सुदीप ढीमर ने 6 गोल्ड जीतकर रचा कीर्तिमान



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा।** सिंगाजी के डीमर परिवार ने विदेशी स्टाइल की कयाकिंग कैनोइंग खेल प्रतियोगिता में विश्व स्तर पर धूम मचा रखी है। दो बहनें विश्व स्तर पर सफलता का पररचम लहरा चुकी हैं। अब उनके 15 वर्षीय छोटे भाई सुदीप डीमर ने भी इसी प्रतियोगिता में 6 गोल्ड और दो सिल्वर जीतकर नया कीर्तिमान बनाया है।समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि

बड़ी बहन कावेरी नौसेना में इसी खेल के जरिए अधिकारी बन गई हैं। दीपिका भी कई गोल्ड मेडल जीतकर अब बड़े पद पर चयनित होंगी।

15 साल के उनके छोटे भाई सुदीप ढीमर ने भी प्रतिभा दिखाई और कयाकिंग कैनोइंग खेल में आगे बढ़ गया। फिलहाल वह भोपाल में आयोजित चौथी ड्रैगन वोट सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में एक साथ 6 मेडल गोल्ड और दो सिल्वर पदक जीत चुका है। एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कावेरी दीपिका अंतरराष्टीय स्तर का प्रशिक्षण एवं जेएसडब्ल्यू फिजिकल टेस्ट के बाद कोटेश्वर उत्तराखंड के कैंप में भी टेस्ट के लिए भाग लेंगी । वहां से एशियाई वर्ल्_ड चैंपियनशिप में हिस्सेदारी निभाएंगी।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सिंगाजी की छत्रछाया में उभरे इंदिरा सागर में इन तीनों के पिता मछली पकड़ने का काम करते हैं। ?40000 का कर्ज़ ठेकेदार से ले लिया। रात भर जाल बिछाकर नाव से मछलियां पकड़ना इनका काम हो गया था। कर्ज उतारने के लिए रात के ठंडे पानी में भी तीनों बच्चे काम पर लगे रहते थे। पेड़ की मोटी लकड़ी से डोंगा बनाकर पतवार के जरिए पानी में आगे बढ़ा जाता है। तीनों बच्चे पतवार चलाने में माहिर हो गए। विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में इसी को विशुद्ध नियम बनाकर अंतर्राष्टीय कैनोइंग खेल बनाया गया है।